




नवभारत 06

भोपाल, सोमवार, 22 मार्च, 2025




## पर्यटकों को लुभा रहे प्राकृतिक झरने

### चंदेरी में शिमला-काश्मीर से नजारों से सैलानी गदगद

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** प्राकृतिक जल प्रपात से सराबोर ऐतिहासिक पर्यटन नगरी चंदेरी बारिश के मौसम में शिमला कश्मीर को पीछे छोड़ रही है। काश्मीर की वादियों से नजारे शहर चंदेरी में देखने पर्यटक दूर-दूर से चंदेरी में इन हसीन वादियों का लुत्फ उठाने आ रहें। वैसे तो चंदेरी के मशहूर जलप्रपात मालन खौ कठोती खो, जागेश्वरी देवी, पिपर खो आमखो है । यह शहर चंदेरी से तीस किलोमीटर दूर जिला शिवपुरी के बामौरकला से सुलार ग्राम जाने वाले मार्ग पर बलमा खो का जलप्रपात भी किसी आकर्षण से कम नहीं लग रहा है। चालीस फिट की ऊंचाई से पहाड़ों से गिरता हुआ, जलप्रपात कल-कल की आवाज से इस जंगल में पहाड़ों के बीच करतल ध्वनि एक अलग अहसास करा रही हैं। यह बलमा खो जलप्रपात का इतना बड़ा पार और धार के साथ पहाड़ों से इतनी ऊंचाई से गिरने वाला जलप्रपात आसपास इस बारिश के मौसम में शिमला काश्मीर के मानिंद नजर आ रहा है। यहां सैलानी आकर आनंद ले रहे हैं और तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे ही रविवार छुट्टी का दिन होने पर सैलानी दूर-दूर से इन हसीन वादियों में जलप्रपात में जमकर लुत्फ उठा रहे हैं। ऐसे ही परिवार के साथ इन हसीन वादियों में जलप्रपात का लुत्फ भोपाल इंदौर से आएं सपरिवार सैलानियों ने बताया कि यह जलप्रपात शानदार और प्राइवेसी के लिए सबसे उद्गम और मनमोहक जलप्रपात है। जिसके चलते बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे है।



## मीरकाबाद में लोगों को दिलाई गई नशा छोड़ने की शपथ

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** थाना के अंतर्गत आने वाले मीरकाबाद में रविवार को नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य वार्डवासियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जोगेंद्र सिंह यादव ने उपस्थित वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए घातक है। उन्होंने ग्रामीणों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपनिरीक्षक बीके राम, एएसआई कान सिंह, आरक्षक पवन मीना, पंकज सहित ग्रामवासी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे। सभी ने नशा मुक्ति के इस संकल्प में सहभागिता करते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया। थाना मुंगावली द्वारा किए जा रहे इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों की लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। वार्ड के लोगों ने भी इस पहल की प्रशंसा करते हुए भविष्य में नशा न करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।

## एक नजर में

### विहिप का वर्ग संपन्न

**अशोकगनर।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा नगर प्रखंड समिति का वर्ग स्थानीय कार्यालय पर आयोजित किया गया। जिसमें 10 खंडो 37 समितियो के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। तो वहीं वर्ग का संचालन जिला मंत्री सुशील शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं के लिए तीन वर्ग आयोजित किए गए, जिनमें राष्ट्र सेवा से लेकर संगठन विस्तार को लेकर चर्चा की गई। साथ ही विहिप की स्थापना, विहिप के कार्यक्रम, सगठन का विस्तार, राष्ट्र व हिन्दू समाज की चुनौतीया और उनसे निपटने के उपाय पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं कार्यक्रम में समिति स्तर पर विहिप का स्थापना दिवस मनाने का संकल्प व राष्ट्र और संस्कृति व पर्यावरण के लिए कार्य करने का संकल्प डॉ दीपक मिश्रा जी प्रान्त धर्म प्रसार प्रमुख द्वारा दिलाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दिनेश जैन, वर्ग प्रबंधक जिला उपाध्यक्ष अशोक रघुवंशी, जिला सह मंत्री संतोष शर्मा, कंचेदि दांगी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आज निकलेगी कावड़ यात्रा

**शाढ़ौरा।** पावन श्रावण मास में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव भक्तों द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह कांवड़ यात्रा मास के द्वितीय सोमवार को पीलीघटा से शाढ़ौरा कुंडलपुर धाम पहुंचेगी। इस के लिए सभी कावड़िए स्थानीय अमोदा रोड से सुबह 6 बजे ट्रैक्टर-ट्राली द्वारा पीलीघटा के लिए प्रस्थान करेंगे तथा वहां पूजन अर्चन आदि के साथ जल भरकर कुंडलपुर धाम की ओर चलेंगे। यह यात्रा 10:30 बजे नईसराय रोड स्थित शिव मंदिर से खड़िया मोहल्ला, कुंड मोहल्ला, सदर बाजार, कृष्णाचौराह, मैन रोड, होते हुए कुंडलपुर धाम पहुंचेगी। यहां भगवान शिव का भक्तिभाव के साथ श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक एवं महाआरती के प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## गायब हुए चावल पर दूसरे दिन भी नहीं हुई कार्रवाई

### 6 घंटे तक थाने में बैठे रहे तहसीलदार, मामले में दिखा पुलिस व प्रशासन में समन्वय का अभाव




**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर।** बीते शुक्रवार रात नायब तहसीलदार द्वारा पकड़े गए चावल व ट्रैक्टर-ट्रॉली के गायब होने के मामले में रविवार को भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि रविवार को कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश के बाद नान के जिला प्रबंधक श्री राजपूत भी बहादुरपुर पुलिस थाने में कार्रवाई कराने के लिए पहुंचे थे।, इससे पहले शनिवार को नायब तहसीलदार कैलाश मालवीय एवं पटवारी लोकेन्द्र शर्मा भी अमानत में खयानत की एफआईआर कराने के लिए शाम से देर रात तक थाने में बैठे रहे लेकिन एफआईआर नहीं हो सकी। इस दौरान पुलिस थाने में कई राजनैतिक व्यक्तियों का जमावड़ा लगा रहा। बताया गया है कि इस मामले में रात को पुलिस द्वारा एफआईआर के लिए सभी तैयारी कर ली गई थीं लेकिन राजनैतिक दखल होने के कारण प्रकरण होल्ड कर दिया गया।

इस मामले में बहादुरपुर थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह ने जो बयान दिया है, वह राजस्व के अधिकारियों के बयानों से अलग है। थाना प्रभारी श्री कछुवाह ने सबसे पहले बताया कि उन्हे कोई प्रतिवेदन नहीं दिया गया है, राजस्व विभाग अभी जांच कर रहा है। हमारे पास कोई प्रतिवेदन नहीं आया। कल नायब तहसीलदार आए थे, पूरी जांच करने के बाद कार्रवाई होती है, बीच में कोई एफआईआर नहीं हो पाती है। उन्होंने कहा कि नायब तहसीलदार ने जिस दिन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े हुए थे, उसी दिन कार्रवाई करानी थी। अब उन्होंने जांच की प्रकिया चालू कर दी है तो हमें पूरे दस्तावेज उपलब्ध करा दें तो हम कथन लेकर कार्रवाई कर देंगे। बाद में जब उन्हे बताया गया कि तहसीलदार श्री मालवीय का कहना है कि उन्होंने प्रतिवेदन दिए हैं। इसके बाद थाना प्रभारी श्री कछुवाह ने प्रतिवेदन आने की बात स्वीकारी लेकिन साथ ही दावा किया कि उन्हे जब्ती, सुपुर्दगी के दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। उन्होंने जांच प्रतिवेदन के अधूरा होने की बात कही।

वहीं इस मामले में नायब तहसीलदार श्री मालवीय का कहना है कि उन्होंने शनिवार को बहादुरपुर पुलिस थाने में जो जांच प्रतिवेदन दिया है। उसमें कथन, शुक्रवार एवं शनिवार के पटवारी पंचनामा, जब्ती एवं सुपुर्दगी के दस्तावेज हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि खाद्य आपूर्ति एवं राजस्व विभाग द्वारा की गई जांच के बाद संयुक्त प्रतिवेदन एसडीएम मुंगावली मनीष धनगर को भी दिया गया है। जिसके पत्र क्रमांक रीडर 1/2025/98 के अंतिम पैरा में राहुल पुत्र महावीर जैन निवासी बहादुरपुर के खिलाफ एफआईआर करने के लिए लिखा गया है। उन्होंने कहा कि हम हर हाल में कार्रवाई कराएंगे, क्योंकि इस मामले में प्रशासन की छवि खराब हो रही है।

दूसरी ओर नान के जिला प्रबंधक श्री राजपूत ने बताया कि मैं बहादुरपुर थाने में आया था। उस मामले में कार्रवाई चल रही है, अभी एफआईआर नहीं हो पाई है। तहसीलदार ने सैम्पल नहीं ले पाया था। उन्होंने कहा कि जांच प्रतिवेदन के बाद एफआईआर होनी चाहिए। मैंने थाना प्रभारी ने कहा है कि आप इस मामले में एफआईआर कीजिए। बात चावल के पीडीएस के होने पर अटकी है। जब उनसे चावल के पीडीएस के होने या न होने के बजाय अमानत में खयानत का मामला होने पर एफआईआर की बात पूछी गई तो उन्होंने कहा कि अभी उसमें समय लगेगा।

**क्या है मामला:**

शुक्रवार रात को प्रशासन द्वारा नेशनल हाईवे पर सुमेर गांव में सरकारी चावल की तस्करी के संदेह पर एक जॉनडियर ट्रैक्टर को रोका गया था। जिसमें लगी ट्रॉली पर चढ़कर पटवारी लोकेन्द्र शर्मा ने चावल से भरी हुई बोरियां गिनीं। दूसरी ओर तहसीलदार श्री मालवीय ने हाथ में चावल लेकर जांच की। प्रथमदृष्टया चावल पीडीएस का होने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली को बहादुरपुर पुलिस थाने लाया गया। जहां करीब एक घंटे तक दस्तावेज बनाने के बाद तहसीलदार श्री मालवीय ने राहुल पुत्र महावीर जैन निवासी बहादुरपुर को ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं चावल की सुपुर्दगी दे दी। किंतु षनिवार सुबह जब राजस्व एवं खाद्य आपूर्ति विभाग का दल जांच करने के लिए पहुंचा तो उसे राहुल जैन द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं चावल उपलब्ध नहीं कराया गया। इसके बाद नायब तहसीलदार श्री मालवीय द्वारा एक विभागीय प्रतिवेदन के माध्यम से बहादुरपुर पुलिस थाने में राहुल जैन के विरुद्ध अमानत में खयानत करने की एफआईआर दर्ज करने के लिए पत्र दिया था।



### मानव श्रृंखला से बताये नशे के दुष्परिणाम

**नईसराय।** जिले में पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत प्रतिदिन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में रविवार को पुलिस द्वारा बस स्टेण्ड पर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी पुनीत दिक्षित ,एएसआई अपेक्षित रघुवंशी पुलिस स्टाफ द्वारा हाथ में पोस्टर बैनर लेकर नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत लोगों को बैनर पोस्टर के माध्यम से बताया कि नशा पीड़ितों द्वारा सामाजिक आर्थिक व मानसिक रूप से होने वाली परेशानियों होती है।

## समोसा के साथ चटनी का लिया गया सैंपल

**खाद्य अधिकारी ने चंदेरी में दुकानें से लिए सैंपल**

**सैंपलों की महीनों तक नहीं आती है रिपोर्ट**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रविवार को खाद् विभाग द्वारा शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए होटल और उसके आसपास के होटलों का निरीक्षण किया, तो वहीं होटलों पर बिक रहे समोसे से लेकर चाटनी का सैंपल लिया गया। साथ ही खुले में रखे सामान को ढंककर बेचने की सलाह विभागीय अधिकारी द्वारा दुकानदारों को दी गई।

दरअसल खाद्य सुरक्षा अधिकारी लीना नायक रविवार की सुबह चंदेरी स्थित दिल्ली दरवाजा स्थित होटल महाकाल रेस्टारेंट की जांच की गयी तथा मौके पर उपलब्ध पोहे के साथ-साथ समोसा तथा अमचूर की मीठी चटनी का नमूना भी जांच हेतु लिया गया। तो वहीं होटल संचालक को परिसर में प्रतिदिन सफाई किये जाने तथा खाद्य पदार्थों को ढंक कर ही विक्रय किये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिल्ली दरवाजें के आस पास स्थित सभी होटल का निरीक्षण कर दुकानदारों को खाद्य पदार्थों को ढंक कर विक्रय किये जाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही निर्देशों का पालन न किये जाने की स्थिति मे कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गए। वहीं गौर करने वाली बात ये है कि खाद् विभाग द्वारा जो सैंपल लिये जाते है, उनकी रिपोर्टो का खुसासा कई दिन गुजर जाने के बाद नहीं होता.



### ग्राम पछारी में मुक्तिधाम का निर्माण प्रारंभ, हुआ भूमिपूजन

**अशोकनगर।** कलेक्टर के निर्देश पर रविवार को ग्राम पंचायत आवरी के ग्राम पछारी में मुक्तिधाम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। तो वहीं निर्माण कार्य शुरू करने से पहले मुक्तिधाम का भूमि पूजन जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। दरअसल ग्राम में मुक्तिधाम न होने की बजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिसे देखते हुए कलेक्टर द्वारा इसके निर्माण के लिए स्पीकृति दी। रविवार को सरपंच गंगा विजय बैरागी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन किया गया। इसके बाद गैती चलाकर कार्य का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर आवरी सरपंच गंगा विजय बैरागी, पटवारी जितेंद्र शर्मा, पंचायत सचिव प्रीतम सिंह,रोजगार सहायक सनी बैरागी, मनोज ओझा, पप्पू ठेकेदार, हरवीर, ब्रह्मानंद बैरागी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बिजली का तार टूटकर गिरने से गाय की मौत, महिला घायल

### ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतारें,देर से पहुंचे अधिकारी



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** रविवार की सुबह 6 बजे अचानक से बिजली तार टूटकर जमीन पर गिर गया और इसकी चपेट में एक गाय आई, जिससे उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वही इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई, उसे ग्रामीणों की मदद से बचाया गया। वही इस हादसे के बाद ग्रामीणों में गुस्सा आ गया और उन्होंने बीना मुंगावली मार्ग पर चक्काजाम कर दिया, जो घंटों बंद रहा। चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों तरफ काफीलम्बा जाम लग गया और कई मुसाफिर इस जाम में घंटो फंसे रहे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि जब इस घटना की जानकारी बिजली कर्मियों को दी गई तो उनका कहना था कि ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं होती रहती है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजली कर्मियों को किसी भी जान चली जाए उनके वह घटना छोटी लगती है। वहीं घंटों लगे इस जाम में अधिकारियों की उदासीनता भी देखने को मिली क्योंकि कोई भी जिम्मेदार घंटों तक घटना स्थल पर नहीं पहुंचा और काफी देर बाद थाना प्रभारी जोगेंद्र सिंह यादव पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों को समझाइस देकर जाम को खुलवाया, फिर तहसीलदार और एसडीएम के साथ एई पहुंचे और उन्होंने मौके का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से एक पंचनामा बनाकर दिया गया। जिसमें कई बिंदुओं पर मांग रखी गई है इस घटना में करंट लगने से गाय की मौत हो गई तो वहीं गाय की मालकिन पुष्पा राजपूत की भी गाय को बचाते समय लगा करंट जिसके कारण महिला भी घायल हुई जिस तार के कारण यह घटना हुई उसकी शिकायत विद्युत विभाग में करने के बाद भी लाइनमैन द्वारा पिछले सप्ताह से इस तार को नहीं जोड़ा था, बार-बार शिकायत करने के बाद भी गांव वालों के द्वारा किसी भी तरह विद्युत बंद करके तार को प्रतिदिन जोड़कर गांव की लाइट चालू कर लेते थे।

**आखिर बड़ी घटना पर कौन होता जिम्मेदार:**

ग्राम भोपाल में जो तार टूटा है वह सड़क के आरपार होता हुआ गया है गनीमत यह रही कि जब तार टूटा तो घटना के वक्त सड़क पर न तो कोई था और न ही वहां से कोई वाहन निकल रहा था यदि इस तार की चपेट में कोई वाहन या व्यक्ति आ जाता तो घटना बड़ी घट सकती थी और उसका जिम्मेदार कौन होता यह कोई नहीं जानता अब इस मामले में विद्युत मंडल के अधिकारियों द्वारा उचित जांच कर कार्यवाही की बात कहते नजर आ रहे है।

**मैनटिनेश पर भी खड़े हुए सवाल:**

इस घटना ने विद्युत मंडल के मानसून पूर्व किए जाने वाले मेंटिनेश पर भी सवाल खड़े किए है क्योंकि इस घटना में साफ दिखाई देता है जो तार सड़क के आरपार निकला है वह कई हिस्सों से क्षतिग्रस्त है और कभी भी टूटकर गिर सकता है मगर शिकायत के बाद भी इसको ठीक नहीं किया गया, जबकि मेंटिनेंस के नाम पर इन्हीं बारीकियों को दूर किया जाता है मगर इस पर नजर क्यों नहीं गई यह सवाल जरूर खड़ा होता है।

**इनका कहना है।**

*बिजली का तार गिरने से एक गाय की मौत की सूचना मिली थी और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया था, जिसके बाद मौके पर जाकर जाम खुलवाया और ग्रामीणों को समझाइस दी गई, वही विद्युत मंडल को भी कार्य में सुधार के लिए कहा गया है।*

**जोगेंद्र सिंह यादव,**
**थाना प्रभारी मुंगावली।**

## धर्म-कर्म

### श्रद्धालुओं ने पूजन के बाद किया विसर्जन

## 25 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर किया गया पूजन और अभिषेक

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर में धर्म, भक्ति और साधना का अलौकिक संगम देखने को मिल रहा है। नगर के प्राचीन श्री मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर परिसर, मीठी झिरिया देवी मंदिर के पीछे चल रहे श्री पार्थिवेश्वर शिवलिंग निर्माण महायज्ञ के अंतर्गत दूसरे दिन रविवार को 25 हजार पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया गया। पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने मिट्टी से शिवलिंग बनाकर उनका पूजन-अर्चन किया। इसके उपरांत इन सभी शिवलिंगों को नगर के भुजरिया तालाब में विधिवत रूप से विसर्जित किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान में नगर व आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने भाग लिया। यह आयोजन श्री श्री 1008 मंशा पूर्ण हनुमान जी मंदिर जीर्णोद्धार समिति के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के मुख्य संयोजक पं. अतुल प्रदीप बापट ने बताया कि शिवलिंग निर्माण का यह कार्य पूर्ण श्रद्धा और नियमों के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें महिला-पुरुष, युवा और बच्चे सभी ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया।



## 1108 पार्थिव शिवलिंग का किया निर्माण

**रवि योग में किया सर्वदोष निवारण विधान**

**यादव कालोनी स्थित मंदिर पर हुआ आयोजन**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** रविवार को दशमी के साथ रवि योग बना हुआ था, जिसके चलते इस दिन सर्व दोष नाशक विधान श्रद्धालुओं द्वारा कराये गए। इस दौरान यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पुजारी किशन लाल मिश्रा के सानिध्य में भगवान सूर्य की आराधना से सर्वदोष नाशक रवि योग है भगवान शिव शंकर का महा अभिषेक किया गया। इस दौरान सन सिटी कॉलोनी के श्रद्धालुओ एवं यादव कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने शिव पार्थिव पूजन करवाई जिसमें 1108 पार्थिव शिवलिंग बनाए गए। पुजारी किशन लाल मिश्रा ने रुद्री पाठ के द्वारा उनका सोडसो उपचार से पूजन करवाया गया तथा बाद में महाआरती की गई। तो वहीं आज 51 कवाड़िया त्रिवेणी के जल से अभिषेक करेंगे।

### रोटरी क्लब के सदस्यों ने किया पौधारोपण

**अशोकनगर।** पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा हरित क्रांति के तहत विदिशा रोड़ स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल में सघन पौधारोपण किया गया। जिसमें डॉक्टर एसोसिएशन का भी सहयोग रहा। इस दौरान क्लब के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रजाति के छायादार और फलदार पौधे रौपे गए। इस मौके अध्यक्ष अजीत जैन, सचिव अक्षय जैन, डॉ.राकेश जैन, डॉ.सुदीप जैन, रोशन कोहली, बीडी गुप्ता,सुभाष जैन कैंची, माधव सिंह रघुवंशी, मनोज सोनी, डॉक्टर राजीव गुप्ता, इंजीनियर राम कंहऊआ, राजेश सेठ ,सीए अमित गोयल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।